# अध्याय 4

# भारतीय अर्थव्यवस्था

## भारत में आर्थिक नियोजन

भारत में आर्थिक नियोजन का प्रथम प्रयास सर एम. विश्वेश्वरैया द्वारा 1934 में अपनी पुस्तक Planned Economy द्वारा किया गया। इसके बाद 1938 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा जवाहरलाल नेहरू की अध्यक्षता में 'नेशनल प्लानिंग कमीशन' का गठन किया गया। 1944 ई. में मुम्बई के प्रमुख आठ उद्योगपतियों द्वारा 'बॉम्बे प्लान' प्रस्तुत किया गया। इसी वर्ष श्री मन्नारायण अग्रवाल ने 'गाँधीवादी योजना प्रस्तुत की। 1954 ई. में एम.एन. राय ने पीपुल्स प्लान प्रस्तुत किया, जबकि 1950 में जयप्रकाश नारायण ने 'सर्वोदय योजना' प्रस्तुत की। भारत में 15 मार्च, 1950 को पण्डित नेहरू की अध्यक्षता में एक गैर-संवैधानिक परामर्शदात्री निकाय के रूप में योजना आयोग का गठन किया गया। प्रधानमन्त्री इसका पदेन अध्यक्ष होता है। योजना आयोग द्वारा तैयार की गई योजना का अध्ययन एवं अन्तिम रूप देने का कार्य राष्ट्रीय विकास परिषद् करती है, जिसकी स्थापना एक गैर-संवैधानिक निकाय के रूप में 6 अगस्त, 1952 को की गई थी। भारत में आर्थिक नियोजन का उद्देश्य सामाजिक न्याय के साथ आर्थिक विकास करना है।

## नियोजन के प्रकार

*इसको निम्न आधारों पर वर्गीकृत किया जा सकता है–*

**आदेशात्मक नियोजन** (Imperative Planning) इसके अन्तर्गत राज्य की भूमिका महत्त्वपूर्ण होती है। इसके अन्तर्गत केन्द्रीय स्तर पर एक शीर्ष संस्था होती है जो योजना का निर्माण एवं उसके क्रियान्वयन को सुनिश्चित करती है।

**निर्देशात्मक नियोजन** (Indicative Planning) इसके अन्तर्गत राज्य द्वारा योजना के लक्ष्यों का निर्धारण किया जाता है, और उसको प्राप्त करने की जिम्मेदारी निजी क्षेत्र और बाजार शक्तियों को सौंप दी जाती है।

अर्थशास्त्र सामाजिक विज्ञान की वह शाखा है जिसके अन्तर्गत उत्पादन, वितरण एवं उपभोग से सम्बन्धित क्रियाओं का अध्ययन किया जाता है। भारतीय अर्थव्यवस्था एक मिश्रित व विकासशील अर्थव्यवस्था है। मिश्रित अर्थव्यवस्था में निजी क्षेत्र एवं सार्वजनिक क्षेत्र दोनों का समावेश होता है। *योजना आयोग द्वारा प्रस्तुत अब तक की पंचवर्षीय योजनाओं से सम्बन्धित महत्त्वपूर्ण तथ्य*

**पंचवर्षीय योजनाएँ : एक दृष्टि में**

| योजना | योजनावधि | उद्देश्य | विकास दर लक्ष्य (प्रतिशत में) | विकास दर, वास्तविक प्राप्ति (प्रतिशत में) |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम (हैरड डोमर मॉडल) | 1951-56 ई. | कृषि का विकास | 2.1 | 3.6 |
| द्वितीय (महालनोबिस मॉडल पर आधारित) | 1956-61 ई. | तीव्र औद्योगिकीकरण | 4.5 | 4.27 |
| तृतीय (सर्वाधिक असफल) | 1961-66 ई. | आत्मनिर्भर एवं स्वतः स्फूर्त अर्थव्यवस्था की स्थापना | 5.6 | 2.84 |
| वार्षिक योजनाएँ (योजनावकाश) | 1966-69 ई. | — | — | — |
| चौथी (अशोक रूद्र मेनल मॉडल) | 1969-74 ई. | स्थिरता के साथ आर्थिक विकास तथा आत्मनिर्भरता। 'गरीबी हटाओ' का नारा दिया गया। | 5.7 | 3.30 |
| पाँचवीं (आगत-निर्गत मॉडल) | 1974-78 ई. | गरीबी की समाप्ति तथा आत्मनिर्भरता की प्राप्ति (1978-80–गाँधीवादी मॉडल पर रॉलिंग प्लान) | 4.4 | 4.8 |
| छठी (आगत-निर्गत मॉडल) | 1980-85 ई. | (नेहरू मॉडल पर अर्थव्यवस्था का विकास) गरीबी की समस्या को दूर करना | 5.2 | 5.4 |
| सातवीं (आर्किटेक्चर मॉडल) | 1985-90 ई. | दीर्घकालीन विकास युक्तियों पर जोर देते हुए उदारीकरण पर बल, खाद्यान्नों की वृद्धि, रोजगार के क्षेत्रों में विस्तार, उत्पादन बढ़ाने के प्रयास | 5.0 | 6.01 |
| आठवीं (वॉन-उल मुलर) | 1992-97 ई. | मानव संसाधन, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार विकास | 5.6 | 6.68 |

# राजस्व

- *करों द्वारा प्राप्त होने वाली आय दो प्रकार के स्रोतों से प्राप्त होती है*
  (a) प्रत्यक्ष करों से प्राप्त आय
  (b) अप्रत्यक्ष करों से प्राप्त आय
- भारत में आयकर 'जेम्स विल्सन' ने प्रारम्भ किया।

**केन्द्र व राज्य सरकार के कर स्रोत**

| केन्द्र सरकार | राज्य सरकार के कर |
|---|---|
| **प्रत्यक्ष कर** | |
| आयकर, निगम कर, धन कर, एस्टेट ड्यूटी, उपहार कर, व्यय कर, ब्याज कर आदि। | कृषि आय पर कर, भू-राजस्व, व्यवसाय पर कर, रोजगारों पर कर, होटल प्राप्तियों पर कर, गैर शहरी अचल सम्पत्तियों पर कर आदि। |
| **अप्रत्यक्ष कर** | |
| सीमा सुल्क, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क, सेवा कर, केन्द्रीय बिक्री कर, केन्द्रीय व्यापार कर आदि। | व्यापार कर, बिक्री कर, स्टाम्प एवं पंजीयन शुल्क, राज्य उत्पाद शुल्क, चुंगीकर, सट्टेबाजी पर कर आदि। |

## वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी)

वस्तु एवं सेवा कर एक अप्रत्यक्ष कर है। यह करों की एकीकृत प्रणाली है, इसके लगने के बाद अनेक अप्रत्यक्ष कर समाप्त हो गए हैं। यह 1 जुलाई, 2017 से लागू हुआ है। यह केन्द्र व राज्य सरकारों द्वारा लगाया जा रहा है इसके लागू होने से **एक राष्ट्र, एक बाजार** और **एक कर** की अवधारणा मजबूत हुई है।

**केन्द्र सरकार के समाप्त होने वाले अप्रत्यक्ष कर**

- सीमा शुल्क
- VAT
- केन्द्रीय उत्पादक शुल्क
- केन्द्रीय बिक्री कर
- सेवा कर इत्यादि।

### राज्य सरकार के समाप्त होने वाले अप्रत्यक्ष कर

- बिक्री कर/व्यापार कर
- स्टाम्प एवं पंजीयन शुल्क
- राज्य उत्पाद शुल्क
- वाहनों पर करे
- प्रवेश कर
- विज्ञापन कर
- शिक्षा/उपकर
- सट्टेबाजी पर कर
- कच्चे जूट पर कर आदि।
- वस्तुओं एवं यात्रियों पर परिवहन कर

**GST के अन्तर्गत समाप्त होने वाले अप्रत्यक्ष कर**

इसके अन्तर्गत पेट्रोलियम, शराब (आबकारी) तथा विद्युत कर शामिल है। जिन पर GST लागू नहीं हुआ है। इन्हें भविष्य में समाप्त किया जाएगा।

**GST के अन्तर्गत लागू करों की दर**

- GST के अन्तर्गत मुख्य रूप से करों की दर चार प्रकार की है— 5%, 12%, 18% व 28%।
- ज्यादातर दैनिक उपभोग की वस्तुओं पर कोई कर नहीं लगाया गया है अर्थात् यह 0% है।
- करों के सम्बन्ध में अन्तिम निर्णय जीएसटी परिषद के द्वारा लिया जाता है।

# भारत में बैंकिंग प्रणाली

- भारत में पहला व्यापारिक बैंक 1786 ई. में जनरल बैंक ऑफ इण्डिया खोला गया था, इसके पश्चात् 1790 में बैंक ऑफ हिन्दुस्तान स्थापित किया गया था।
- 1881 ई. में स्थापित अवध **कॉमर्शियल बैंक** किसी भारतीय (सीमित) द्वारा संचालित पहला बैंक था।
- पूर्णरूप से पहला भारतीय बैंक पंजाब नेशनल बैंक था जिसकी स्थापना 1894 ई. में की गई थी।
- वर्ष 1921 में तीन प्रमुख प्रेसीडेन्सी बैंकों को मिलाकर भारतीय इम्पीरियल बैंक की स्थापना की गई।
- भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना 1 अप्रैल, 1935 में हुई थी।
- 1 जनवरी, 1949 को रिजर्व बैंक का राष्ट्रीयकरण किया गया। इसका मुख्यालय मुम्बई में है।
- 1 जुलाई, 1955 को इम्पीरियल बैंक ऑफ इण्डिया का राष्ट्रीयकरण कर इसका नाम परिवर्तित कर स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया कर दिया गया।
- 19 जुलाई, 1969 ई. को 14 बड़े व्यावसायिक बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर दिया गया।
- 15 अप्रैल, 1980 ई. को 6 निजी बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया।
- भारतीय स्टेट बैंक में उसके एक सहायक बैंक स्टेट बैंक ऑफ इन्दौर का प्रस्तावित विलय अगस्त 2010 में प्रभावी हो गया। इससे पूर्व अगस्त 2008 में स्टेट बैंक ऑफ सौराष्ट्र का भारतीय स्टेट बैंक में विलय किया गया था।
- अब भारतीय स्टेट बैंक के सहायक बैंकों की संख्या पाँच रह गई है, जिनमें स्टेट बैंक ऑफ इन्दौर मैसूर, स्टेट बैंक ऑफ ट्रावनकोर, स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद, स्टेट बैंक ऑफ पटियाला तथा स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर शामिल हैं।
- दूसरी ओर, निजी क्षेत्र के बैंक ऑफ राजस्थान का आई.सी.आई.सी.आई. बैंक में विलय अगस्त 2010 से प्रभावी हो गया।
- 1 अप्रैल, 2017 को भारतीय स्टेट बैंक में उसके सहायोगी (पाँच) बैंकों व भारतीय महिला बैंक का विलय हो गया। विलय के साथ ही भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) दुनिया के 50 बड़े बैंकों में शामिल हो गया।
- भारतीय रुपये के प्रतीक चिह्न को केन्द्रीय मन्त्रिमण्डल ने अपनी स्वीकृति दे दी। अमेरिकी डॉलर, यूरो, ब्रिटिश पौंड और जापानी येन की तरह अब रुपये का भी अपना प्रतीक चिह्न (₹) होगा। रुपये का प्रतीक चिह्न भारतीय मुद्रा की पहचान कायम करेगा और भारतीय अर्थव्यवस्था की तेजी एवं मजबूती को रेखांकित करेगा। इस चिह्न को यूनीकोड मानक में शामिल किया जाएगा, जिससे दुनिया की सभी भाषाओं में इसे लिखा जा सके। रुपये के इस प्रतीक चिह्न (₹) का डिजाइन मुम्बई आई.आई.टी. से पढ़े डी. उदय कुमार द्वारा किया गया।
- 8 नवम्बर, 2016 की मध्यरात्रि से सरकार ने ₹ 500 व ₹ 1000 के नोटों को बन्द (विमुद्रीकरण) कर दिया है। उसके जगह ₹ 500 व ₹ 2000 के नए नोट जारी किए हैं।
- नरसिंहम समिति का सम्बन्ध बैंकिंग सुधार से है।

# भारत में बीमा

- भारत में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की स्थापना 2 अक्टूबर, 1975 में की गई।
- भारत की प्रथम जीवन बीमा कम्पनी ओरियण्टल सोसायटी (1818 ई.) थी।
- भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) की स्थापना 1 सितम्बर, 1956 ई. में हुई। इसका मुख्यालय मुम्बई में है।
- भारतीय साधारण बीमा निगम की स्थापना 1972 ई. में की गई थी, जिसने 1 जनवरी, 1973 ई. से काम करना शुरू कर दिया।
- मल्होत्रा समिति की संस्तुति पर भारत में बीमा क्षेत्र का निजीकरण कर दिया गया है।
- बीमा क्षेत्र में निजी कम्पनियों के प्रवेश का मार्ग खोलते हुए सरकार ने 'बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण' (इरडा) की स्थापना की है,
- जो बीमा कम्पनियों की कार्य प्रणाली पर निगरानी रखती है।

**प्रमुख वित्तीय संस्थान एवं उनके स्थापना वर्ष**

| वित्तीय संस्थान | स्थापना वर्ष |
|---|---|
| रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया (RBI) | 1 अप्रैल, 1935 |
| स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया (SBI) | 1955 ई. |
| भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) | 1956 ई. |
| भारतीय यूनिट ट्रस्ट (UTI) | 1964 ई. |
| भारतीय औद्योगिक विकास बैंक (IDBI) | 1964 ई. |
| साधारण बीमा निगम (GIC) | 1972 ई. |
| भारतीय निर्यात-आयात बैंक (EXIM) | 1982 ई. |
| राष्ट्रीय कृषि व ग्रामीण विकास बैंक (NABARD) | 1982 ई. |
| भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण बैंक (IRBI) | 1985 ई. |
| राष्ट्रीय आवास बैंक (NHB) | 1988 ई. |
| भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI) | 1990 ई. |

## सेबी (SEBI)

शेयर मार्केट में होने वाले वृहद कारोबार को नियन्त्रित एवं विनियमित करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा संसद में एक कानून पारित करके 12 अप्रैल, 1988 को 'सिक्योरिटीज एण्ड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इण्डिया' (SEBI) की स्थापना की गई। यह एक गैर-संवैधानिक संस्था है, जिसे 30 जनवरी, 1992 को एक अध्यादेश द्वारा वैधानिक दर्जा प्रदान किया गया। 'सेबी का मुख्यालय मुम्बई में है, जबकि इसके क्षेत्रीय कार्यालय कोलकाता, दिल्ली, एवं चेन्नई में भी स्थापित किए गए हैं।

# जनगणना 2011

- कुल जनसंख्या — 1,21,5054,977
  - पुरुष — 623270258(51.47%)
  - महिला — 5875,84,719(48.53%)
- लिंगानुपात — 943
- जनसंख्या घनत्व — 382
- दशकीय वृद्धि दर — 17.7%
- वार्षिक वृद्धि दर — 1.64%
- साक्षरता प्रतिशत में — 73%
  - पुरुष — 80.09%
  - महिला — 64.6%

**जनगणना 2011 के राज्यवार अन्तिम आँकड़े**

| राज्य/के प्र. के कोड | भारत/राज्य/केन्द्रशासित प्रदेश | जनसंख्या (करोड़ में) | | |
|---|---|---|---|---|
| | | व्यक्ति | पुरुष | महिलाएँ |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | भारत | 121.08 | 62.31 | 58.74 |
| 1 | जम्मू-कश्मीर | 1.25 | 0.66 | 0.59 |
| 2 | हिमाचल प्रदेश | 0.68 | 0.34 | 0.33 |
| 3 | पंजाब | 2.77 | 1.46 | 1.31 |
| 4 | चण्डीगढ़ | 0.10 | 0.05 | 0.04 |
| 5 | उत्तराखण्ड | 1.00 | 0.51 | 0.49 |
| 6 | हरियाणा | 2.53 | 1.34 | 1.18 |
| 7 | दिल्ली | 1.67 | 0.89 | 0.78 |
| 8 | राजस्थान | 6.85 | 3.55 | 3.29 |
| 9 | उत्तर प्रदेश | 19.98 | 10.44 | 9.53 |
| 10 | बिहार | 10.40 | 5.42 | 4.98 |
| 11 | सिक्किम | 0.061 | 0.032 | 0.028 |
| 12 | अरुणाचल प्रदेश | 0.13 | 0.071 | 0.066 |
| 13 | नागालैण्ड | 0.19 | 0.10 | 0.09 |
| 14 | मणिपुर | 0.25 | 0.12 | 0.12 |
| 15 | मिजोरम | 0.109 | 0.055 | 0.054 |
| 16 | त्रिपुरा | 0.367 | 0.187 | 0.179 |
| 17 | मेघालय | 0.296 | 0.149 | 0.14 |
| 18 | असोम | 3.11 | 1.59 | 1.52 |
| 19 | पश्चिम बंगाल | 9.13 | 4.69 | 4.44 |
| 20 | झारखण्ड | 3.29 | 1.69 | 1.60 |
| 21 | ओडिशा | 4.19 | 2.12 | 2.07 |
| 22 | छत्तीसगढ़ | 2.55 | 1.28 | 1.27 |
| 23 | मध्य प्रदेश | 7.25 | 3.76 | 3.49 |

| राज्य/के प्र. के कोड | भारत/राज्य/ केन्द्रशासित प्रदेश | जनसंख्या (करोड़ में) व्यक्ति | पुरुष | महिलाएँ |
|---|---|---|---|---|
| 24 | गुजरात | 6.03 | 3.14 | 2.89 |
| 25 | दमन एवं द्वीव | 0.02 | 0.01 | 0.009 |
| 26 | दादर नगर हवेली | 0.034 | 0.019 | 0.014 |
| 27 | महाराष्ट्र | 11.23 | 5.82 | 5.41 |
| 28 | आन्ध्र प्रदेश | 8.45 | 4.24 | 4.21 |
| 29 | कर्नाटक | 6.10 | 3.09 | 3.01 |
| 30 | गोवा | 0.145 | 0.073 | 0.071 |
| 31 | लक्षद्वीप | 0.006 | 0.003 | 0.003 |
| 32 | केरल | 3.34 | 1.60 | 1.73 |
| 33 | तमिलनाडु | 7.21 | 3.61 | 3.60 |
| 34 | पुदुचेरी | 0.124 | 0.061 | 0.063 |
| 35 | अण्डमान-निकोबार | 0.038 | 0.020 | 0.017 |

| | सर्वाधिक जनसंख्या वाले राज्य (घटते क्रम में) (करोड़ में) | | न्यूनतम जनसंख्या वाले राज्य (बढ़ते क्रम में) (लाख में) | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | उत्तर प्रदेश | 19.98 | सिक्किम | 6.01 |
| 2. | महाराष्ट्र | 11.23 | अरुणाचल प्रदेश | 13.82 |
| 3. | बिहार | 10.40 | गोवा | 14.57 |

| | सर्वाधिक दशकीय वृद्धि वाले राज्य | | न्यूनतम दशकीय वृद्धि वाले राज्य | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मेघालय | 27.9% | नागालैण्ड़ | −0.6% |
| 2. | अरुणाचल प्रदेश | 26.0% | केरल | 4.9% |
| 3. | बिहार | 25.4% | गोवा | 8.2% |

**तीन राज्य** (जनगणना के अनुसार)

| | सर्वाधिक जनघनत्व वाले राज्य | | न्यूनतम जनघनत्व वाले राज्य | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बिहार | 1106 | अरुणाचल प्रदेश | 17 |
| 2. | पश्चिम बंग | 1028 | मिजोरम | 52 |
| 3. | केरल | 860 | सिक्किम | 86 |

| | सर्वाधिक लिंगानुपात वाले राज्य | | न्यूनतम लिंगानुपात वाले राज्य | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | केरल | 1084 | हरियाणा | 879 |
| 2. | तमिलनाडु | 996 | जम्मू-कश्मीर | 889 |
| 3. | आन्ध्र प्रदेश | 993 | सिक्किम | 890 |

| | सर्वाधिक साक्षर राज्य | | न्यूनतम साक्षर राज्य | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | केरल | 94% | बिहार | 61.8% |
| 2. | मिजोरम | 91.3% | अरुणाचल प्रदेश | 65.4% |
| 3. | गोवा | 88.7% | राजस्थान | 66.1% |

**प्रमुख अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थाएँ व व्यापारिक संगठन**

| संस्थान/संगठन | स्थापना | मुख्य कार्यकाल |
|---|---|---|
| 1. अन्तर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण एवं विकास बैंक (विश्व बैंक, WB) | 1945 | वाशिंगटन डी. सी |
| 2. अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) | 1945 | वाशिंगटन डी. सी |
| 3. यूरोपीय आर्थिक समुदाय (EEC) | 1957 | ब्रुसेल्स |
| 4. अंकटाड (UNCTAI) | 1964 | जेनेवा |
| 5. एशियाई विकास बैंक (ADB) | 1966 | मनीला |
| 6 आसियान | 1967 | जकार्त्ता |
| 7. दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग (SAARC) | 1985 | काठमाण्डू |
| 8. एशिया प्रशान्त आर्थिक सहयोग (APEL) | 1989 | सिंगापुर |
| 9. विश्व व्यापार संगठन (WTO) | 1945 | जेनेवा |
| 10. न्यू डेवलपमेण्ट बैंक (NDB) (ब्रिक्स बैंक) | 2015 | शंघाई |
| 11. एशियाई इन्फ्रास्ट्रक्चर इनवेस्टमेण्ट बैंक (AIIB) | 2016 | बीजिंग |

*नोट विश्व बैंक व आईएमएफ को ब्रिटेन वुडस का जुड़वाँ संस्था माना जाता है।*

# अभ्यास के लिए प्रश्न

**1.** भारतीय अर्थव्यवस्था को किस रूप में व्यक्त किया जा सकता है?
(a) मिश्रित अर्थव्यवस्था
(b) पूँजीवादी अर्थव्यवस्था
(c) समाजवादी अर्थव्यवस्था
(d) ग्रामीण अर्थव्यवस्था

**2.** 'मिश्रित अर्थव्यवस्था' का अर्थ है
(a) वृहद् एवं कुटीर उद्योग का सह-अस्तित्व
(b) औद्योगिक विकास में विदेशों का सहयोग
(c) सार्वजनिक तथा निजी क्षेत्र का सह अस्तित्व
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**3.** आर्थिक विकास की दृष्टि से भारत है
(a) विकसित राष्ट
(b) विकासशील राष्ट्र
(c) अविकसित राष्ट
(d) अर्द्ध विकसित राष्ट्र

**4.** भारत में आर्थिक नियोजन का प्रथम प्रयास किसने किया था?
(a) जवाहरलाल नेहरू
(b) एम विश्वेश्वरैया
(c) मन्नारायण अग्रवाल
(d) एम एन राय

**5.** भारत में योजना निर्माण के उद्देश्य हैं
(a) राष्ट्रीय आय में वृद्धि
(b) आय और सम्पत्ति में असमानताओं को घटाना
(c) निर्धनता उन्मूलन
(d) उपरोक्त सभी

**6.** पंचवर्षीय योजना बनाने की जिम्मेदारी किसकी है?
(a) प्रधानमन्त्री कार्यालय
(b) राष्ट्रीय विकास परिषद्
(c) योजना आयोग
(d) ग्राम पंचायत

**7.** योजना आयोग की स्थापना कब हुई?
(a) 10 मार्च, 1950 (b) 15 मार्च, 1950
(c) 16 मार्च, 1951 (d) 20 मार्च, 1950

**8.** पंचवर्षीय योजना का अन्तिम प्रारूप कौन अनुमोदित करता है ?
(a) केन्द्रीय मन्त्रिमण्डल
(b) राष्ट्रीय विकास परिषद्
(c) योजना आयोग
(d) उपरोक्त सभी

**9.** भारत में योजना आयोग की स्थापना की गई
(a) संसद के एक अधिनियम द्वारा
(b) केन्द्रीय मन्त्रिमण्डल के एक प्रस्ताव द्वारा
(c) राष्ट्रपति के एक अध्यादेश द्वारा
(d) संविधान के एक प्रावधान द्वारा

**10.** राष्ट्रीय विकास परिषद् का अध्यक्ष होता है
(a) गृहमन्त्री (b) वित्तमन्त्री
(c) प्रधानमन्त्री
(d) योजना आयोग का उपाध्यक्ष

**11.** भारत में पहली पंचवर्षीय योजना कब शुरू की गई?
(a) 1 अप्रैल, 1951 (b) 1 मई, 1951
(c) 1 जून, 1952 (d) 1 जून, 1953

**12.** प्रथम पंचवर्षीय योजना का मुख्य बल किस क्षेत्र पर था?
(a) कृषि (b) उद्योग
(c) पर्यटन (d) गरीबी हटाओ

**13.** द्वितीय पंचवर्षीय योजना विकास के किस मॉडल पर आधारित थी?
(a) प्रो. डी आर गाडगिल
(b) एम एन राय
(c) मन्ना नारायण
(d) पी सी महालनोबिस

**14.** राष्ट्रीय विकास परिषद् का गठन कब किया गया था?
(a) 1947 में (b) 1949 में
(c) 1950 में (d) 1952 में

**15.** निम्नलिखित में से किस इस्पात कारखाने की स्थापना द्वितीय पंचवर्षीय योजना के दौरान की गई?
(a) राऊरकेला (b) भिलाई
(c) दुर्गापुर (d) ये सभी

**16.** भारत में योजनावकाश (Planning holiday) था
(a) 1962 के चीन-भारत युद्ध के बाद
(b) 1966 के सूखे के बाद
(c) 1971 में बांग्लादेश की स्वत
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**17.** 'गरीबी हटाओ' तथा 'आत्मनिर्भरता की प्राप्ति' किस योजना का मुख्य उद्योग निर्धारित किया गया था?
(a) चौथी (b) पांचवीं
(c) सातवीं (d) इनमें से कोई नहीं

**18.** दसवीं पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत कितने प्रतिशत वार्षिक विकास दर निर्धारित किया गया था?
(a) 7% (b) 7.5% (c) 8% (d) 8.5%

**19.** बारहवीं पंचवर्षीय योजना की अवधि है
(a) 2002-2007 (b) 2005-2010
(c) 2012-2017 (d) इनमें से कोई नहीं

**20.** बारहवीं पंचवर्षीय योजना में कितने प्रतिशत वार्षिक वृद्धि दर निर्धारित करने का प्रस्ताव किया गया है?
(a) 8.2% (b) 8.5% (c) 9% (d) 9.5%

**21.** 'राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना' कब प्रारम्भ की गई?
(a) 15 अगस्त, 2005 (b) 20 जनवरी, 2007
(c) 11 मार्च, 2000 (d) 2 फरवरी, 2006

**22.** प्रधानमन्त्री जनधन योजना कब प्रारम्भ की गई?
(a) अगस्त, 2014 (b) सितम्बर, 2014
(c) दिसम्बर, 2014 (d) जुलाई, 2014

**23.** आयुष्मान भारत योजना किससे सम्बन्धित है?
(a) शिक्षा (b) रोजगार
(c) ऋण (d) स्वास्थ्य

**24.** प्रधानमन्त्री फसल बीमा योजना कब लागू की गई?
(a) जनवरी, 2016 (b) जनवरी, 2015
(c) अप्रैल, 2016 (d) अप्रैल, 2015

**25.** स्वतन्त्र भारत की प्रथम औद्योगिक नीति कब लागू की गई
(a) अप्रैल, 1948 (b) जनवरी, 1948
(c) अप्रैल, 1949 (d) जनवरी, 1949

**26.** भारत में नई औद्योगिक नीति की घोषणा कब की गई?
(a) जुलाई, 1940 (b) जुलाई, 1991
(c) अप्रैल, 1990 (d) अप्रैल, 1991

**27.** भारत सबसे अधिक संगठित उद्योग है?
(a) वस्त्र उद्योग (b) चीनी उद्योग
(c) इस्पात उद्योग (d) इनमें से कोई नहीं

**28.** भारत में सूती वस्त्रों की राजधानी किसे कहा जाता है?
(a) कानपुर (b) मुम्बई (बम्बई)
(c) अहमदाबाद (d) कोयम्बटूर

**29.** उत्तर भारत का मैनचेस्टर कहा जाता है?
(a) वाराणसी (b) कानपुर
(c) लखनऊ (d) जौनपुर

**30.** पूर्व का बोस्टन किसे कहा जाता है?
(a) कानपुर (b) अहमदाबाद
(c) मुम्बई (d) इनमें से कोई नहीं

**31.** कच्चे रेशम के उत्पादन में भारत का स्थान है
(a) प्रथम (b) तीसरा
(c) दूसरा (d) चौथा

**32.** कच्चे रेशम के उत्पादन में विश्व में किस देश का स्थान प्रथम है?
(a) अमेरिका (b) भारत
(c) चीन (d) बांग्लादेश

**33.** भारत में सर्वाधिक रेशम का उत्पादन किस राज्य में होता है
(a) केरल (b) कर्नाटक
(c) पश्चिम बंगाल (d) तमिलनाडु

**34.** टाटा आयरन एण्ड स्टील कम्पनी की स्थापना कब की गई?
(a) 1905 ई. में (b) 1986 ई. में
(c) 1907 ई. में (d) 1910 ई. में

**35.** निम्न में से कौन-सा देश भारतीय इस्पात का सबसे बड़ा आयातक है?
(a) अमेरिका (b) रूस
(c) जापान (d) इंग्लैण्ड

**36.** भिलाई इस्पात संयन्त्र की स्थापना किस देश की सहायता से की गई?
(a) जर्मनी (b) रूस
(c) ब्रिटेन (d) जापान

**37.** बोकारो इस्पात संयन्त्र की स्थापना किस राज्य में की गई है?
(a) बिहार (b) पश्चिम बंगाल
(c) उत्तर प्रदेश (d) झारखण्ड

**38.** दुर्गापुर इस्पात संयन्त्र की स्थापना किस देश की सहायता से की गई?
(a) जर्मनी (b) रूस
(c) ब्रिटेन (d) इनमें से कोई नहीं

**39.** भारत में पहली कागज मिल की स्थापना कब की गई?
(a) वर्ष 1881 में (b) वर्ष 1880 में
(c) वर्ष 1890 में (d) वर्ष 1891 में

**40.** नेपानगर में स्थित है
(a) जूट कारखना (b) कागज कारखाना
(c) रासायनिक खाद कारखाना
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**41.** भारत में रासायनिक खाद का प्रथम कारखाना किस राज्य में स्थापित की गई?
(a) कर्नाटक (b) केरल
(c) आन्ध्र प्रदेश (d) तमिलनाडु

**42.** निम्नलिखित में से केन्द्र सरकार द्वारा लगाए जाने वाले कर हैं
(a) सीमा शुल्क (b) आय कर
(c) निगम कर (d) ये सभी

**43.** निम्नलिखित में से अप्रत्यक्ष कर हैं
(a) उत्पादन शुल्क (b) सीमा शुल्क
(c) तट कर (d) ये सभी

**44.** निम्नलिखित प्रत्यक्ष करों में से किस कर से सरकार को अधिकतम आय की प्राप्ति होती है?
(a) निगम कर (b) आय कर
(c) सम्पत्ति कर (d) दान कर

**45.** निम्न में से कौन-सा एक राज्य सरकार का अप्रत्यक्ष कर है?
(a) व्यवसाय पर कर (b) कृषि आय पर कर
(c) रोजगारों पर कर (d) व्यापार कर

**46.** भारत में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) कब लागू की गई?
(a) जुलाई, 2017 (b) जनवरी, 2017
(c) अप्रैल, 2017 (d) जून, 2017

**47.** निम्न में से कौन-सा जीएसटी प्रणाली के अन्तर्गत शामिल नहीं है?
(a) शराब (b) पेट्रोलियम
(c) 'a' एवं 'b' दोनों (d) इनमें से कोई नहीं

**48.** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के अन्तर्गत सर्वाधिक कर की दर है
(a) 15% (b) 18% (c) 22% (d) 28%

**49.** भारतीयों द्वारा सीमित देयताओं वाला संचालित पहला बैंक था
(a) अवध कॉमर्शियल बैंक
(b) पंजाब नेशनल बैंक
(c) रिजर्व बैंक
(d) आई.सी.आई.सी.आई.

**50.** भारत में पहला व्यापारिक बैंक स्थापित होने वाला बैंक था
(a) अवध कॉमर्शियल बैंक
(b) जनरल बैंक ऑफ इण्डिया
(c) बैंक ऑफ हिन्दुस्तान
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**51.** पूर्णरूप से पहला संचालित बैंक कौन था?
(a) बैंक ऑफ हिन्दुस्तान
(b) अवध कॉमर्शियल बैंक
(c) पंजाब नेशनल बैंक
(d) भारतीय स्टेट बैंक

**52.** भारत का केन्द्रीय बैंक है
(a) स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया
(b) सेण्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया
(c) आई सी आई सी आई बैंक
(d) रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया

**53.** भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना कब की गई थी?
(a) 1 मार्च, 1934 (b) 1 अप्रैल, 1935
(c) 16 अगस्त, 1947 (d) 26 जनवरी, 1950

**54.** निम्नलिखित में से किस बैंक में कोई व्यक्ति अपना खाता नहीं खोल सकता?
(a) स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया
(b) अनुसूचित व्यापारिक बैंक
(c) भारतीय रिजर्व बैंक
(d) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक

**55.** इम्पीरियल बैंकों का आंशिक राष्ट्रीयकरण करके एसबीआई बैंक की स्थापना कब की गई?
(a) 1935 ई. (b) 1949 ई.
(c) 1955 ई. (d) 1962 ई.

**56.** भारतीय स्टेट बैंक से जुड़े सहयोगी बैंकों की संख्या है
(a) 5 (b) 7 (c) 8 (d) 9

**57.** सरकार द्वारा पुरानी मुद्रा को समाप्त कर नई मुद्रा चलाना कहलाता है
(a) अवमूल्यन (b) विमुद्रीकरण
(c) मुद्रा संकुचन (d) मुद्रा स्फीति

**58.** 'नरसिंहम समिति' सम्बन्धित है
(a) उच्च शिक्षा सुधार से
(b) कर सुधारों से
(c) बीमा सुधारों से
(d) बैंकिंग संरचना सुधारों से

**59.** देश का सबसे बड़ा वाणिज्यिक बैंक है
(a) भारतीय स्टेट बैंक
(b) भारतीय रिजर्व बैंक
(c) आई सी आई सी आई
(d) आई डी बी आई

**60.** भारतीय जीवन बीमा निगम की स्थापना किस वर्ष की गई थी?
(a) 1954 (b) 1955 (c) 1956 (d) 1957

**61.** आर एन मल्होत्रा समिति का सम्बन्ध था
(a) कर सुधार (b) बीमा क्षेत्र
(c) बैंकिंग क्षेत्र (d) बीमार उद्योग

**62.** भारत में बीमा कम्पनियों को विनियमित करने वाला प्राधिकरण है।
(a) भारतीय रिजर्व बैंक
(b) बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण
(c) 'a' एवं 'b' दोनों
(d) इनमें से कोई नहीं

**63.** भारतीय औद्योगिक विकास निगम (IDBI) की स्थापना कब की गई?
(a) 1956 (b) 1972 (c) 1964 (d) 1982

**64.** भारतीय आयात-निर्यात बैंक की स्थापना कब हुई
(a) 1982 ई. में (b) 1972 ई. में
(c) 1992 ई. में (d) 1964 ई. में

**65.** 'भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक' का मुख्यालय कहाँ स्थित है ?
(a) पटना (b) लखनऊ
(c) कानपुर (d) नई दिल्ली

**66.** निम्न में से कौन-सा एक कृषि वित्त के लिए शीर्ष संस्था है?
(a) भरतीय रिजर्व बैंक
(b) राष्ट्रीय कृषि व ग्रामीण विकास बैंक
(c) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक
(d) भूमि विकास बैंक

**67.** नाबार्ड (NABARD) की स्थापना कब की गई?
(a) 1980 ई. (b) 1981 ई.
(c) 1982 ई. (d) 1983 ई.

**68.** निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या शेयर बाजारों पर नियन्त्रण रखती है?
(a) आरबीआई (b) सेबी
(c) यू टी आई (d) वित्त मन्त्रालय

**69.** वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की कुल जनसंख्या है
(a) 1.21 अरब (b) 1.04 अरब
(c) 1.0 अरब (d) 1.6 अरब

**70.** भारत में 2001-2011 ई. के बीच जनसंख्या की दशकीय वृद्धि दर कितनी रही?
(a) 23.87% (b) 22.50%
(c) 17.7% (d) 20.54%

**71.** वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में 1000 स्त्रियों पर पुरुषों की संख्या (लिंगानुपात) है
(a) 935 (b) 943 (c) 937 (d) 1053

**72.** वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की साक्षरता दर कितने प्रतिशत थी?
(a) 62.24% (b) 63%
(c) 63.45% (d) 73%

**73.** भारत का सर्वाधिक साक्षरता वाला राज्य है
(a) नागालैण्ड (b) मिजोरम
(c) केरल (d) महाराष्ट्र

**74.** वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में जनघनत्व है
(a) 321 (b) 324 (c) 382 (d) 327

**75.** निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है?
(a) सर्वाधिक जनसंख्या वाला राज्य-उत्तर प्रदेश
(b) सर्वाधिक जनघनत्व वाला राज्य-पश्चिम बंगाल
(c) सर्वाधिक लिंगानुपात वाला राज्य-केरल
(d) सबसे कम लिंगानुपात वाला राज्य-हरियाणा

**76.** निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है?
(a) सबसे कम जनसंख्या वाला राज्य- सिक्किम
(b) सबसे ज्यादा लिंगानुपात वाला केन्द्रशासित प्रदेश-पुदुचेरी
(c) सर्वाधिक साक्षरता वाला केन्द्रशासित प्रदेश-लक्षद्वीप
(d) सबसे कम ज ,घनत्व वाला राज्य- बिहार

**77.** भारत में सर्वाधिक लिंगानुपात वाला राज्य है
(a) केरल (b) आन्ध्र प्रदेश
(c) तमिलनाडु (d) गुजरात

**78.** भारत में न्यूनतम लिंगानुपात वाला राज्य है
(a) बिहार (b) हरियाणा
(c) जम्मू-कश्मीर (d) सिक्किम

**79.** निम्न में से किस राज्य में साक्षरता दर सबसे न्यूनतम है?
(a) ओडिशा (b) अरुणाचल प्रदेश
(c) बिहार (d) राजस्थान

**80.** निम्न में से कौन-सा एक न्यूनतम जनघनत्व वाला राज्य है
(a) मिजोरम (b) अरुणाचल प्रदेश
(c) सिक्किम (d) इनमें से कोई नहीं

**81.** अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की स्थापना हुई
(a) 1944 ई. में (b) 1945 ई. में
(c) 1947 ई. में (d) 1948 ई. में

**82.** विश्व बैंक का मुख्यालय कहाँ स्थित है?
(a) न्यूयॉर्क (b) वाशिंगटन
(c) जेनेवा (d) पेरिस

**83.** निम्न में से कौन-सी संस्था को ब्रेटन वुड्स का जुड़वाँ संस्था कहा जाता है?
(a) विश्व बैंक (b) आईएमएफ
(c) 'a' एवं 'b' दोनों (d) विश्व व्यापार संगठन

**84.** विश्व व्यापार संगठन की स्थापना कब की गई?
(a) 1965 ई. में (b) 1995 ई. में
(c) 1966 ई. में (d) 1945 ई. में

**85.** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) का मुख्यालय कहाँ स्थित है?
(a) मनीला (b) जेनेवा
(c) टोक्यो (d) बैंकॉक

**86.** निम्न में से किसका मुख्यालय काठमाण्डू में स्थित है
(a) सार्क (b) आसियान
(c) एआईआईबी (d) इनमें से कोई नहीं

**87.** एशिया प्रशान्त आर्थिक सहयोग (APEC) का मुख्यालय स्थित है
(a) जकार्त्ता (b) सिंगापुर
(c) ब्रुसेल्स (d) काठमाण्डू

**88.** अंकटाड (UNCTAD) की स्थापना कब की गई?
(a) 1964 ई. में (b) 1965 ई. में
(c) 1967 ई. में (d) इनमें से कोई नहीं

**89.** आसियान का मुख्यालय स्थित है
(a) सिंगापुर (b) जकार्ता
(c) शंघाई (d) इनमें से कोई नहीं

**90.** यूरोपीय आर्थिक समुदाय की स्थापना कब हुई?
(a) वर्ष 1957 में (b) वर्ष 1967 में
(c) वर्ष 1965 में (d) वर्ष 1966 में

**91.** न्यू डेवलपमेण्ट बैंक (एन डी बी) का मुख्यालय स्थित है
(a) बीजिंग (b) शंघाई
(c) नई दिल्ली (d) सिंगापुर

**92.** एशियाई इन्फ्रास्ट्रक्चर बैंक (AIIB) की स्थापना कब की गई?
(a) वर्ष 2015 में (b) वर्ष 2014 में
(c) वर्ष 2016 में (d) वर्ष 2017 में

## ✓ विगत वर्षों के प्रश्न

**93.** 'नकदी रिजर्व अनुपात' किसका उपकरण है?
(a) कृषि नीति (b) राजकोषीय नीति
(c) कर नीति (d) मौद्रिक नीति

**94.** अर्थशास्त्र मानव निर्मित उत्पादन उपकरण को किस रूप से वर्गीकृत करता है?
(a) संगठन (b) श्रम
(c) उपकरण (d) पूँजी

**95.** 'विश्व व्यापार संगठन' का मुख्यालय कहाँ स्थित है?
(a) वाशिंगटन (यूएसए)
(b) नई दिल्ली (भारत)
(c) लन्दन (यूके)
(d) जेनेवा (स्विट्ज़रलैण्ड)

**96.** 'आत्म निर्भरता' किसका मुख्य उद्देश्य था? **[SSC कांस्टेबल, 2013]**
(a) चौथी योजना (b) सातवीं योजना
(c) तीसरी योजना (d) छठी योजना

**97.** विज्ञापन देने के लिए होने वाले खर्च को कहते हैं **[SSC कांस्टेबल, 2012]**
(a) निहित लागत (b) अधिशेष लागत
(c) नियत लागत (d) विक्रय लागत

**98.** ..... से प्रयोक्त बकाया हिसाब पता कर सकते हैं और बिलों का भुगतान कर सकते हैं। **[SSC कांस्टेबल, 2012]**
(a) दूर शिक्षा (b) ऑनलाइन बैंकिंग
(c) ई-कॉमर्स (d) मल्टीमीडिया

**99.** कीमत प्रक्रिया इसकी एक विशेषता है **[SSC कांस्टेबल, 2012]**
(a) पूँजीवादी अर्थव्यवस्था
(b) वस्तु-विनिमय अर्थव्यवस्था
(c) मिश्रित अर्थव्यवस्था
(d) समाजवादी अर्थव्यवस्था

**100.** इस समय भारतीय कागजी मुद्रा कितने मूल्यवर्ग में मुद्रित की जाती है? **[SSC कांस्टेबल, 2012]**
(a) 9 (b) 8 (c) 7 (d) 6

**101.** उस वक्र का नाम बताइए जो उन उत्पादों की मात्रा को दर्शाता है जिन्हें कोई विक्रेता किसी निर्धारित मूल्य स्तर पर बेचना चाहता है। **[SSC कांस्टेबल, 2012]**
(a) माँग वक्र
(b) मूल्य (लागत) वक्र
(c) आपूर्ति (सप्लाई) वक्र
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**102.** पूँजीवादी अर्थव्यवस्था की प्रमुख विशेषता है **[SSC कांस्टेबल, 2012]**
(a) निर्देशित कीमतें (b) लोक स्वामित्व
(c) आर्थिक नियोजन (d) निजी स्वामित्व

**103.** अर्थव्यवस्था में श्रम की आपूर्ति किस पर निर्भर करती है? **[SSC कांस्टेबल, 2012]**
(a) जनसंख्या
(b) राष्ट्रीय आय
(b) प्रति व्यक्ति आय
(d) प्राकृतिक संसाधन

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | (a) | 2 | (c) | 3 | (b) | 4 | (b) | 5 | (d) | 6 | (c) | 7 | (b) | 8 | (b) | 9 | (b) | 10 | (c) |
| 11 | (a) | 12 | (a) | 13 | (d) | 14 | (d) | 15 | (d) | 16 | (b) | 17 | (b) | 18 | (c) | 19 | (c) | 20 | (a) |
| 21 | (d) | 22 | (a) | 23 | (d) | 24 | (a) | 25 | (a) | 26 | (b) | 27 | (a) | 28 | (b) | 29 | (b) | 30 | (b) |
| 31 | (c) | 32 | (c) | 33 | (b) | 34 | (c) | 35 | (c) | 36 | (b) | 37 | (d) | 38 | (c) | 39 | (a) | 40 | (b) |
| 41 | (d) | 42 | (d) | 43 | (d) | 44 | (a) | 45 | (d) | 46 | (a) | 47 | (c) | 48 | (d) | 49 | (a) | 50 | (b) |
| 51 | (c) | 52 | (d) | 53 | (b) | 54 | (c) | 55 | (c) | 56 | (a) | 57 | (b) | 58 | (d) | 59 | (a) | 60 | (c) |
| 61 | (b) | 62 | (b) | 63 | (c) | 64 | (a) | 65 | (b) | 66 | (b) | 67 | (c) | 68 | (b) | 69 | (a) | 70 | (c) |
| 71 | (b) | 72 | (d) | 73 | (c) | 74 | (c) | 75 | (b) | 76 | (d) | 77 | (a) | 78 | (b) | 79 | (c) | 80 | (b) |
| 81 | (b) | 82 | (b) | 83 | (c) | 84 | (b) | 85 | (a) | 86 | (a) | 87 | (b) | 88 | (a) | 89 | (b) | 90 | (a) |
| 91 | (b) | 92 | (a) | 93 | (d) | 94 | (d) | 95 | (d) | 96 | (c) | 97 | (d) | 98 | (b) | 99 | (d) | 100 | (c) |
| 101 | (c) | 102 | (d) | 103 | (a) | | | | | | | | | | | | | | |